भारत-सरकार
पोत परिवहन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 125 जिसका उत्तर
बृहस्पतिवार, 05 दिसम्बर, 2013/14 अग्रहायण, 1935 (शक) को दिया जाना है

न्हावा शेवा (इंडिया) गेटवे के साथ रियायत समझौता

125 . श्री नंद कुमार सायः

क्या **पोत परिवहन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जवाहरलाल नेहरु पत्तन न्यास ने हाल ही में न्हावा शेवा (इंडिया) गेटवे टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड के साथ किसी रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किया हैं; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त समझौते की मुख्य विशेषताएं क्या-क्या हैं;

(ख) क्या रियायतग्राही उक्त समझौते के अंतर्गत टर्मिनल बनाएगा;

(ग) यदि हां, तो इस पर होने वाले अनुमानित व्यय सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त पत्तन में किस सीमा तक अतिरिक्त क्षमता बढ़ायी जाएगी?

उत्तर
पोत परिवहन मंत्री
(श्री जी. के. वासन)

(क) से (घ): जी, हाँ। जवाहरलाल नेहरु पत्तन न्यास ने न्हावा शेवा (इंडिया) गेटवे टर्मिनल प्राइवेट लिमिटेड (एनएसआईजीटी) के साथ 19.6.2013 को रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए। रियायत समझौते के अनुसार, रियायातग्राही मैसर्स एनएसआईजीटी डिजाइन, निर्माण, वित्त, प्रचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) आधार पर जेएनपीटी के उत्तर की ओर 330 मीटर लम्बे घाट में स्टैंडअलोन कंटेनर का विकास करेगा।

इस परियोजना में 300 मीटर लम्बे घाट का निर्माण, गाईड बाऊंड, अप्रोच ब्रिज, फिंगर जेट्टी, कंटेनर का ढेर लगाने के लिए यार्ड के निर्माण हेतु लगभग 27 हेक्टर भूमि सुधार और अन्य गौण सुविधाओं और कंटेनर सम्भलाई उपकरण जैसे रेल माउनटिड क्वे क्रेन (आरएमक्यूसी), रबर टायरड गेनट्री क्रेन (आरटीजीसी), ट्रेक्टर ट्रेलर,रीच स्टेकर तथा टर्मिनल में अन्य जुड़ी जरूरतों जैसे विद्युतिकरण, जल आपूर्ति, जलनिकास और सीवरेज की सुविधाएँ, संबंधित कम्प्यूटर और सॉफ्टवेयर नेटवर्क, अग्निशमन सुविधाएँ, पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि शामिल हैं।

रियायत अवधि 17 वर्ष के लिए है। जेएनपीटी के साथ मैसर्स एनएसआईजीटी 28.09% राजस्व योगदान देगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 600 रू0 करोड़ है। इस सुविधा से जेएनपीटी में 0.8 मिलियन टीईयू की अतिरिक्त कंटेनर सम्भलाई क्षमता का सृजन होगा।

*****